- सभी विकासशील देशों को आवेदन करने की पात्रता दी गई तथा प्रत्येक देश को स्वेच्छा से योगदान देने के लिये आमंत्रित किया गया।
    - अल्प विकसित देशों तथा लघु द्वीपीय विकासशील देशों के लिये फंड का एक विशिष्ट प्रतिशत निर्धारित किया गया।

---

**Question 34:**

राष्ट्रीय हरित अधिकरण (NGT) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसकी स्थापना राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण अधिनियम, 2010 के तहत की गई थी।
2. वर्तमान में NGT की बैठक के लिये नई दिल्ली प्रमुख स्थान है, भोपाल, पुणे, कोलकाता और चेन्नई को ट्रिब्यूनल की बैठक के अन्य चार स्थानों के रूप में नामित किया गया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

1. केवल 1

2. केवल 2

3. 1 और 2 दोनों

4. न तो 1 और न ही 2

**Correct Answer :** 3

## Explanation

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**राष्ट्रीय हरति अधकिरण:**

- **स्थापना: राष्ट्रीय हरति अधकिरण (National Green Tribunal- NGT)** की स्थापना अक्टूबर, 2010 में **राष्ट्रीय हरति अधकिरण अधनियिम, 2010** के तहत की गई थी। **अतः कथन 1 सही है।**
    - इसका प्राथमकि उद्देश्य **पर्यावरण संरक्षण, वनों के संरक्षण और प्राकृतकि संसाधनों के संरक्षण से संबंधति मामलों के त्वरति एवं कुशल समाधान** की सुवधिा प्रदान करना है।
    - वर्तमान में NGT की बैठक के लयि **नई दलि्ली** प्रमुख स्थान है, **भोपाल, पुणे, कोलकाता और चेन्नई** को ट्रबि्यूनल की बैठक के अन्य चार स्थानों के रूप में नामति कयिा गया है। **अतः कथन 2 सही है।**
- **संरचना:**
    - अधकिरण का अध्यक्ष इसका प्रमुख होता है जो प्रधान पीठ का पद धारण करता है और इसमें न्यूनतम 10 कति 20 से अधकि न्यायकि सदस्य तथा वशिषज्ञ सदस्य होते हैं।
    - अध्यक्ष की नयिुक्त भारत के मुख्य न्यायाधीश के परामर्श से केंद्र सरकार द्वारा की जाती है।
    - न्यायकि सदस्यों और वशिषज्ञ सदस्यों की नयिुक्त के लयि केंद्र सरकार द्वारा एक चयन समति का गठन कयिा जाता है।

और पढ़ें...

---

**Question 35:**

नमि्नलखिति में से कसि अभ्यास में भारत और अमेरकिा दोनों शामलि होते हैं?

1. युद्ध अभ्यास
2. वज्र प्रहार
3. नोमेडकि एलीफैंट
4. टाइगर ट्रायम्फ

नीचे दयि गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनयि

1. केवल 1, 2 और 3

2. केवल 1, 2 और 4

3. केवल 2, 3 और 4

4. उपरोक्त सभी

**Correct Answer :** 2

## Explanation

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

हाल ही में संयुक्त भारत-यू.एस. त्रि-सेवा **मानवीय सहायता और आपदा राहत (HADR)** अभ्यास, **टाइगर ट्रायम्फ**, पूर्वी समुद्र तट पर शुरू हुआ।

भारत और अमेरिका के बीच अन्य अभ्यास हैं–

- **युद्ध अभ्यास**
  - वज्र प्रहार
  - कोप इंडिया
  - नोमेडिक एलीफैंट अभ्यास भारतीय सेना और मंगोलियाई सशस्त्र बलों के बीच एक संयुक्त सैन्य प्रशिक्षण अभ्यास है।

**अतः विकल्प B सही है।**

और पढ़ें...

---

**Question 36:**

स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट (SIPRI) के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह एक स्वतंत्र अंतर्राष्ट्रीय संस्थान है, जो संघर्ष, आयुध, हथियार नियंत्रण और निरस्त्रीकरण पर अनुसंधान के लिये समर्पित है।
2. SIPRI के नवीनतम आँकड़ों के अनुसार, भारत वर्ष 2019 से वर्ष 2023 की अवधि के दौरान वैश्विक स्तर पर अग्रणी हथियार आयातक के रूप में उभरा है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

1. केवल 1

2. केवल 2

3. 1 और 2 दोनों

4. न तो 1 और न ही 2

**Correct Answer :** 3

## Explanation

**उत्तर: c**

**व्याख्या:**

**स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट** के अंतर्राष्ट्रीय हथियार हस्तांतरण के नवीनतम आँकड़ों के अनुसार, **भारत वर्ष 2019 से 2023 की अवधि के दौरान** वैश्विक स्तर पर **अग्रणी हथियार आयातक के रूप में उभरा है** । इस समय-सीमा के दौरान, वर्ष 2014 से 2018 की अवधि की तुलना में भारत के आयात में **4.7%** की वृद्धि हुई। **अतः कथन 2 सही है।**

- **SIPRI:**
  - यह एक स्वतंत्र अंतर्राष्ट्रीय संस्थान है जो संघर्ष, आयुध, हथियार नियंत्रण और निरस्त्रीकरण पर अनुसंधान के लिये समर्पित है। **अतः कथन 1 सही है।**
  - इसकी स्थापना **वर्ष 1966 में स्टॉकहोम (स्वीडन)** में हुई थी।

---

**Question 37:**

बोन ग्राफ्टिंग के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. बोन ग्राफ्टिंग में एक सर्जिकल तकनीक शामिल होती है जहाँ प्रत्यारोपित हड्डी का उपयोग बीमारी या चोट से प्रभावित हड्डियों की मरम्मत और पुनर्निर्माण के लिये किया जाता है।
2. नैनो हाइड्रोक्सीएपेटाइट-आधारित पोरस कम्पोज़िट स्कैफोल्ड्स बायोडिग्रेडेबल हैं और इनमें हड्डियों की मरम्मत के लिये ऑस्टियोइंडक्टिव व ऑस्टियोप्रोमोटिव गुण होते हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?

1. केवल 1

2. केवल 2

3. 1 और 2 दोनों

4. न तो 1 और न ही 2

**Correct Answer :** 4

## Explanation

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- **बोन ग्राफ्टिंग में एक सर्जिकल तकनीक शामिल होती है जहाँ प्रत्यारोपित हड्डी का उपयोग बीमारी या चोट से प्रभावित हड्डियों की मरम्मत और पुनर्निर्माण के लिये किया जाता है। अतः कथन 1 सही है।**

- आविष्कार का प्राथमिक उद्देश्य मौजूदा उपचारों की कमियों को दूर करना है।
    - अन्य विकल्प संक्रमण और प्रतिरक्षा संबंधी जटिलताओं से जुड़े हुए हैं।
- **नैनो हाइड्रोक्सीएपेटाइट-आधारित पोरस कम्पोज़िट स्कैफोल्ड्स बायोडिग्रेडेबल** हैं और इनमें **हड्डियों की मरम्मत** के लिये **ऑस्टियोइंडक्टिव** तथा **ऑस्टियोप्रोमोटिव** गुण होते हैं। **अतः कथन 2 सही है।**

---

**Question 38:**

निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

**कथन-I:** हेपेटाइटिस शब्द यकृत की किसी भी सूजन को संदर्भित करता है।

**कथन-II:** हेपेटाइटिस आमतौर पर हेपेटोट्रोपिक वायरस के कारण होता है, जिसमें A, B, C, D और E शामिल हैं, हालाँकि वैरिकाला वायरस जैसे अन्य वायरस भी इस बीमारी का कारण बन सकते हैं।

उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?

1. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं, तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या है।
2. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं, तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।
3. कथन-I सही है, लेकिन कथन-II गलत है।
4. कथन-I गलत है, लेकिन कथन-II सही है।

**Correct Answer :** 1

## Explanation

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- **हेपेटाइटिस** शब्द यकृत की किसी भी सूजन को संदर्भित करता है-**किसी भी कारण से यकृत कोशिकाओं में होने वाली जलन या सूजन। अतः कथन 1 सही है।**
- आमतौर पर यह A, B, C, D और E सहित **"हेपेटोट्रोपिक" (यकृत निर्देशित)** वायरस के एक समूह के कारण होता है। अन्य वायरस भी इसका कारण हो सकते हैं, जैसे कि **वैरिकाला वायरस जो चिकन पॉक्स का कारण बनता है । अतः कथन 2 सही है।**
- **अतः विकल्प A सही है, क्योंकि कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I का सही स्पष्टीकरण है।**

---

**Question 39:**

निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. विश्व आर्थिक मंच (WEF’s) के वैश्विक ज़ोखिम धारणा सर्वेक्षण में गलत सूचना और दुष्प्रचार को शीर्ष 10 ज़ोखिमों में स्थान दिया गया है।
2. माइक्रोटार्गेटिंग एक विपणन रणनीति है, जो विस्तृत जनसांख्यिकी, मनोवैज्ञानिक, व्यवहारिक या अन्य डेटा के आधार पर बड़े दर्शकों के विशिष्ट खंडों तक पहुँचने के लिये हाल के तकनीकी विकास का उपयोग करती है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

1. केवल 1
2. केवल 2
3. 1 और 2 दोनों
4. न तो 1 और न ही 2

**Correct Answer :** 3

## Explanation

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- **विश्व आर्थिक मंच (WEF)** का **वैश्विक जोखिम धारणा सर्वेक्षण** में शीर्ष 10 जोखिमों में गलत सूचना और दुष्प्रचार को स्थान दिया गया है, जिसमें बड़े पैमाने पर एआई मॉडल के उपयोग में आसान इंटरफेस हैं, जो परिष्कृत वॉयस क्लोनिंग से नकली वेबसाइटों तक झूठी जानकारी तथा "सिंथेटिक" सामग्री में उछाल को सक्षम करते हैं। **अतः कथन 1 सही है।**
- **माइक्रोटार्गेटिंग एक विपणन रणनीति है, जो हाल के तकनीकी विकास का उपयोग करती है और विस्तृत जनसांख्यिकी, मनोवैज्ञानिक, व्यवहारिक या अन्य डेटा के आधार पर बड़े दर्शकों के विशिष्ट खंडों तक पहुँचती है। अतः, कथन 2 सही है।**
  - AI का उपयोग बड़े पैमाने पर वैयक्तिकृत प्रचार के साथ मतदाताओं को लुभाने के लिये किया जा सकता है, जिससे कैंब्रिज एनालटिका घोटाला दिखाई दे सकता है, क्योंकि AI मॉडल की प्रेरक क्षमता बॉट्स और स्वचालित सोशल मीडिया खातों से कहीं बेहतर होगी जो अब दुष्प्रचार के लिये आधारभूत उपकरण हैं।
  - फेसबुक और ट्विटर जैसी सोशल मीडिया कंपनियों के द्वारा अपनी तथ्य-जाँच तथा चुनाव अखंडता टीमों में उल्लेखनीय रूप से कटौती करने से जोखिम बढ़ गया है।

---

**Question 40:**

पर्यावरण संरक्षण शुल्क (EPC) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह दिल्ली एनसीआर में वायु गुणवत्ता में सुधार के लिये वैज्ञानिक इनपुट प्रदान करने के लिये केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (CPCB) द्वारा उपयोग किया जाने वाला एक फंड है।
2. यह एम. सी. मेहता बनाम भारत संघ मामले,1985 में सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के अनुसार प्राप्त हुआ है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

1. केवल 1

2. केवल 2

3. 1 और 2 दोनों

4. न तो 1 और न ही 2

**Correct Answer :** 3

## Explanation

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- EPC एक फंड है जिसका उपयोग **केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (CPCB)** द्वारा **दिल्ली NCR** में वायु गुणवत्ता में सुधार के लिये वैज्ञानिक इनपुट प्रदान करने हेतु किया जाता है। CPCB पर्यावरण संरक्षण शुल्क फंड के तहत IIT और NEERI जैसे अन्य संस्थानों के साथ काम करता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- EPC **सर्वोच्च न्यायालय के एक आदेश (एम.सी. मेहता बनाम भारत संघ मामला, 1985) के अनुसार और दिल्ली-NCR में वायु गुणवत्ता सुधार तथा संबंधित कार्यों जैसे अनुसंधान एवं** विकास गतिविधियों व वाहन प्रदूषण नियंत्रण स्वास्थ्य प्रभाव अध्ययन तथा दिल्ली-NCR, पंजाब में प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिये विशिष्ट परियोजनाओं हेतु प्राप्त किया जाता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- CPCB को राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्डों द्वारा एकत्र किये गए पर्यावरणीय मुआवज़े का 25% भी मिलता है। यह विभिन्न मामलों में प्रदूषण फैलाने वालों/डिफॉल्टरों से सीधे पर्यावरणीय दंड भी वसूल करता है।
    - वर्ष 2016 में **सर्वोच्च न्यायालय ने दिल्ली और NCR में 2000cc** तथा उससे ऊपर की डीज़ल कारों की **बिक्री पर 1% का EPC** लगाया।

और पढ़ें:

---

**Question 41:**

प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसे 2016 में नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय द्वारा प्रारंभ किया गया था।
2. यह बीपीएल परिवारों को प्रत्येक एलपीजी कनेक्शन के लिये 1600 रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान करता है।
3. इसका उद्देश्य भारत में अशुद्ध खाना पकाने वाले ईंधन के कारण होने वाली मौतों की संख्या को कम करना है जो अधिक ब्लैक कार्बन उत्सर्जित करता है।

उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?

1. केवल एक

2. केवल दो

3. सभी तीन

4. इनमें से कोई भी नहीं

**Correct Answer :** 2

## Explanation

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- वर्ष 2016 में **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय (MoPNG)** द्वारा ऐसे ग्रामीण तथा वंचित परिवारों, जोकि ईंधन के रूप में जलावन लकड़ी, कोयला, गोबर के उपले आदि जैसे पारंपरिक खाना पकाने के ईंधन का उपयोग कर रहे थे, के लिये LPG जैसे स्वच्छ खाना पकाने के ईंधन को उपलब्ध कराने के उद्देश्य से एक प्रमुख योजना के रूप में **प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना (PMUY)** की शुरुआत की गई। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
  - भोजन पकाने के पारंपरिक ईंधन के प्रयोग से पार्टिकुलेट मैटर और ब्लैक कार्बन के भारी उत्सर्जन के कारण ग्रामीण महिलाओं के स्वास्थ्य के साथ-साथ पर्यावरण पर हानिकारक प्रभाव पड़ा।
- इसका उद्देश्य अधिक **ब्लैक कार्बन उत्सर्जित** करने वाले भोजन पकाने के इस अ**शुद्ध ईंधन के कारण भारत में होने वाली मौतों की संख्या को कम करना। अतः कथन 3 सही है।**
  - LPG कनेक्शन के साथ बुनियादी ढाँचा स्थापित करना, जिसमें मानार्थ गैस स्टोव, LPG सिलिंडर के लिये जमा राशि प्रदान करना और वितरण नेटवर्क स्थापित करना शामिल है।
- यह योजना BPL परिवारों को **प्रत्येक LPG कनेक्शन के लिये 1600 रुपए** की वित्तीय सहायता प्रदान करती है। **अतः कथन 2 सही है।**

और पढ़ें:

---

**Question 42:**

H5N1 बर्ड फ्लू के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. कैलिफोर्निया के कोंडोर्स गंभीर रूप से प्रभावित हुए हैं।
2. भारत ने वर्ष 2015 में महाराष्ट्र और गुजरात राज्य में इसका पहला मामला दर्ज किया गया।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

1. केवल 1

2. केवल 2

3. 1 और 2 दोनों

4. न तो 1 और न ही 2

**Correct Answer :** 3

## Explanation

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- **एवयिन इन्फ्लूएंज़ा A(H5N1)** या **H5B1 बर्ड फ्लू** एक अत्यधकि रोगजनक वायरस है जो मुख्य रूप से पक्षियों में फैलता है लेकनि स्तनधारियों को संक्रमति कर सकता है।
- H5N1 की उत्पत्तविर्ष 1996 में **चीन** में एक जीवाणु के प्रकोप से हुई और तेज़ी से एक अत्यधकि रोगजनक प्रभेद (Strain) में वकिसति हुआ।
- वर्ष 2020 के बाद से, यह **यूरोप, अफ्रीका, एशिया, उत्तरी अमेरकिा, दक्षणि अमेरकिा** और यहाँ तक क**िमुख्य भूमअिंटार्कटकिा** में भी फैल गया है।
- वन्य पक्षी, जनिमें **कैलफिोर्नया कोंडोर** जैसी संकटापन्न जातयिँ भी शामलि हैं, H5N1 से गंभीर रूप से प्रभावति हुए हैं। **अतः कथन 1 सही है।**
  - **उत्तरी अमेरकिा में लोमड़ी, प्यूमा, भालू** जैसे स्तनधारी और स्पेन व फनिलैंड में फार्म मकि भी संक्रमति हो गए हैं।
- भारत में वर्ष 2015 में महाराष्ट्र और गुजरात राज्य में H5N1 संक्रमण का पहला मामला दर्ज कयिा गया। **अतः कथन 2 सही है।**

और पढ़ें...

---

**Question 43:**

अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (ILO) के संबंध में नम्नलखिति कथनों पर वचिार कीजयि:

1. यह एकमात्र त्रपिक्षीय संयुक्त राष्ट्र (UN) एजेंसी है जो 187 सदस्य देशों की सरकारों, नयिोक्ताओं और श्रमकिों को एक साथ लाती है।
2. वर्ष 1919 में वर्साय की संधद्विारा राष्ट्र संघ की एक संबद्ध एजेंसी के रूप में इसकी स्थापना हुई और वर्ष 1946 में यह संयुक्त राष्ट्र से संबद्ध पहली वशिष्टि एजेंसी बन गया।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही **नहीं** है/हैं?

1. केवल 1
2. केवल 2
3. 1 और 2 दोनों
4. न तो 1 और न ही 2

**Correct Answer :** 4

## Explanation

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन **संयुक्त राष्ट्र की एकमात्र त्रपिक्षीय संस्था** है। यह श्रम मानक नर्धिारति करने, नीतयिों को वकिसति करने एवं

सभी महिलाओं तथा पुरुषों के लिये सभ्यतापूर्ण कार्य को बढ़ावा देने वाले कार्यक्रम तैयार करने हेतु 187 **सदस्य देशों की सरकारों**, नियोक्ताओं और श्रमिकों को एक साथ लाता है। **अतः कथन 1 सही है।**

    - इसे वर्ष 1969 में नोबेल शांति पुरस्कार मिला।

- वर्ष 1919 में वर्सेल्स/वर्साय की संधि (Treaty of Versailles) द्वारा राष्ट्र संघ की एक संबद्ध एजेंसी के रूप में इसकी स्थापना हुई और वर्ष 1946 में यह संयुक्त राष्ट्र से संबद्ध पहली विशिष्ट एजेंसी बन गया। **अतः कथन 2 सही है।**
- **मुख्यालय:** इसका मुख्यालय जिनेवा, स्विट्ज़रलैंड में स्थित है।

और पढ़ें...

---

**Question 44:**

निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. समुद्र तल में खनन में सतह से 200 से 6,500 मीटर की गहराई तक समुद्र तल से मूल्यवान खनिज भंडार निकालना शामिल है।
2. आधार रेखा एक रेखा को संदर्भित करती है, जो अक्सर समुद्र तट के साथ होती है, जो किसी राज्य के क्षेत्रीय समुद्र और अन्य समुद्री क्षेत्रों, जैसे कि उसके विशेष आर्थिक क्षेत्र की बाहरी सीमाओं को मापने के लिये एक संदर्भ बिंदु के रूप में कार्य करती है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

1. केवल 1
2. केवल 2
3. 1 और 2 दोनों
4. न तो 1 और न ही 2

**Correct Answer :** 3

## Explanation

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- **समुद्र तल में खनन** में सतह से **200 से 6,500 मीटर की गहराई** तक समुद्र तल से मूल्यवान खनिज भंडार निकालना शामिल है। **अतः कथन 1 सही है।**
    - इन खनिज भंडारों में **ताँबा, कोबाल्ट, निकिल, जस्ता, चाँदी, सोना और दुर्लभ पृथ्वी तत्त्व** जैसी सामग्रियाँ शामिल हैं।
- **आधार रेखा (Baseline) एक रेखा को संदर्भित करती है,** जो अक्सर समुद्र तट के साथ होती है, जो किसी राज्य के क्षेत्रीय समुद्र और अन्य समुद्री क्षेत्रों, जैसे कि उसके विशेष आर्थिक क्षेत्र की बाहरी सीमाओं को मापने के लिये एक संदर्भ बिंदु के रूप में कार्य करती है। **अतः कथन 2 सही है।**
- आमतौर पर यह आधार रेखा तटीय राज्य के कम पानी के निशान को प्रतिबिंबित करती है। ऐसे मामलों में **जहाँ समुद्र तट गहराई से इंडेंटेड है, इसमें किनारे के करीब द्वीप हैं या महत्त्वपूर्ण अस्थिरता प्रदर्शित करते हैं,** इसके बजाय सीधी आधार रेखाएँ स्थापित की जा सकती हैं।

और पढ़ें...

---

**Question 45:**

निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. गुलाल गोटा लाख से बनी एक छोटी गेंद होती है, जिसमें सूखा गुलाल भरा होता है जिसका वज़न लगभग 20 ग्राम होता है।
2. गुलाल गोटा के लिये प्राथमिक कच्चा माल लाख, केवल तमिलनाडु और कर्नाटक से प्राप्त किया जाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

1. केवल 1

2. केवल 2

3. 1 और 2 दोनों

4. न तो 1 और न ही 2

**Correct Answer :** 1

## Explanation

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- गुलाल गोटा **लाख से बनी एक छोटी गेंद** होती है, जिसमें सूखा गुलाल भरा होता है जिसका वज़न लगभग 20 ग्राम होता है। **अतः कथन 1 सही है।**
  - लाख एक रालयुक्त पदार्थ है जो कुछ कीटों द्वारा स्रावित होता है। मादा स्केल कीट लाख का स्रोतों मानी जाती है।
    - 1 किलोग्राम लाख राल का उत्पादन करने के लिये लगभग 300,000 कीट मारे जाते हैं। लाख के कीट राल, लाख डाई और लाख मोम भी पैदा करते हैं।
  - इसका उपयोग लाख की चूड़ियों के उत्पादन सहित विभिन्न अनुप्रयोगों में किया जाता है।
- गुलाल गोटा बनाने की प्रक्रिया में **लाख को पानी में उबालकर** उसे लचीला बनाना, आकार देना, उसमें रंग मिलाना, गर्म करना और फिर "फूँकनी" नामक ब्लोअर की मदद से इसे गोलाकार आकार में तैयार करना शामिल है।
- गुलाल गोटा के लिये प्राथमिक कच्चा माल लाख, छत्तीसगढ़ और झारखंड से प्राप्त किया जाता है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
  - गुलाल गोटा जयपुर में मुस्लिम लाख निर्माताओं द्वारा बनाया जाता है, जिन्हें **मनहिारों** के नाम से जाना जाता है। इन्होंने जयपुर के पास एक शहर बगरू में हिंदू लाख निर्माताओं से लाख बनाना सीखा था।

और पढ़ें...

---

**Question 46:**

ग्रेट बैरियर रीफ (GBR) के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह विश्व की सबसे बड़ी प्रवाल भित्ति प्रणाली है। यह ऑस्ट्रेलिया के क्वींसलैंड के तट पर कोरल सागर में स्थित है।
2. यह डुगोंग और बड़े हरे कछुए जैसी लुप्तप्राय प्रजातियों का भी घर है।
3. यह एक यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल है और इसे वर्ष 1981 में अंकित किया गया था।

उपर्युक्त कथनों में से कितने सही **नहीं** हैं?

1. केवल एक
2. सिर्फ दो
3. सभी तीन
4. इनमें से कोई भी नहीं

**Correct Answer :** 4

## Explanation

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- ग्रेट बैरियर रीफ (GBR) **विश्व की सबसे बड़ी प्रवाल भित्ति प्रणाली** है। यह ऑस्ट्रेलिया के क्वींसलैंड के तट पर कोरल सागर में स्थित है। **अतः कथन 1 सही है।**
  - GBR 2,300 किमी. तक विस्तृत है और लगभग 3,000 चट्टानों के साथ 900 द्वीपों से निर्मित है।
- GBR 400 प्रकार के प्रवालों तथा 1,500 मछलियों की प्रजातियों का आवास भी है। यह **डुगोंग** एवं बड़े हरे कछुए जैसी लुप्तप्राय प्रजातियों का भी आवास है। **अतः कथन 2 सही है।**
- GBR को एक **यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल के रूप में वर्ष 1981** में चिह्नित किया गया था। **अतः कथन 3 सही है।**
  - वर्ष 2023 में यूनेस्को हेरिटेज कमेटी द्वारा ऑस्ट्रेलिया के ग्रेट बैरियर रीफ को **"संकटग्रस्त" साइट के रूप में सूचीबद्ध करने में प्रतिबद्धता नहीं दिखाई,** किंतु चेतावनी दी कि विश्व की सबसे बड़ी प्रवाल भित्ति पारिस्थितिकी तंत्र प्रदूषण एवं महासागरों के गर्म होने से "गंभीर रूप से संकटग्रस्त" में है।
- ग्रेट बैरियर रीफ में पहली बार वर्ष 1998 में बड़े पैमाने पर विरंजन देखा गया, इसके बाद वर्ष 2002, 2016, 2017, 2020, 2022 और 2024 में विरंजन की घटनाएँ देखी गई।

**और पढ़ें...**

---

**Question 47:**

भारत में एक साथ चुनाव के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. हाल ही में न्यायमूर्ति जी रोहिणी की अध्यक्षता वाली उच्च स्तरीय समिति ने पूरे भारत में एक साथ चुनाव कराने का प्रस्ताव दिया है।
2. आज़ादी के बाद शुरुआती वर्षों में भारत में एक साथ चुनाव कराने की प्रथा थी।
3. 2019 में लोकसभा के साथ सिर्फ आठ राज्यों में विधानसभा चुनाव हुए।

उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?

1. केवल एक

2. केवल दो

3. सभी तीन

4. इनमें से कोई भी नहीं

**Correct Answer :** 1

## Explanation

**उत्तर: A**

**व्याख्या**:

- चुनाव सुधार की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण कदम उठाते हुए **भारत के पूर्व राष्ट्रपति श्री राम नाथ कोविंद की अध्यक्षता** में गठित **एक साथ चुनाव पर उच्च स्तरीय समिति** ने भारत में **लोकसभा**, राज्य विधानसभाओं और स्थानीय निकायों के लिये एक साथ चुनाव कराने का प्रस्ताव दिया है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- भारत में एक साथ चुनाव, जहाँ लोकसभा तथा राज्य विधानसभाएँ दोनों एक साथ निर्वाचित होते थे, आज़ादी के बाद शुरुआती वर्षों में **1952, 1957 एवं 1962** में प्रचलित थे। **अतः कथन 2 सही है।**
- हालाँकि, राजनीतिक अस्थिरता, राज्य विधानसभाओं के शीघ्र विघटन और क्षेत्रीय मुद्दों के समाधान के लिये अलग-अलग चुनावों की आवश्यकता जैसे विभिन्न कारकों के कारण, एक साथ चुनावों की प्रथा धीरे-धीरे खत्म हो गई।
- वर्ष 2019 में, **केवल चार राज्यों** (**आंध्र प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, ओडिशा** और **सिक्किम**) में लोकसभा के साथ विधानसभा चुनाव हुए। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

और पढ़ें...

---

**Question 48:**

निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. विखंडन एक ऐसी प्रक्रिया है जिसमें किसी परमाणु का नाभिक दो या दो से अधिक छोटे नाभिकों और कुछ उपोत्पादों में विभाजित/विखंडित हो जाता है।
2. संलयन को कई छोटे नाभिकों के एक बड़े नाभिक में संयोजन और उसके बाद भारी मात्रा में ऊर्जा के उत्सर्जन के रूप में परिभाषित किया गया है।
3. परमाणु विखंडन का उपयोग करना, वही प्रक्रिया जो सूर्य को ईंधन देती है, एक अंतहीन, पर्यावरण के अनुकूल ऊर्जा आपूर्ति प्रदान कर सकती है।

उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?

1. केवल एक

2. केवल दो

3. सभी तीन

4. इनमें से कोई भी नहीं

**Correct Answer :** 2

## Explanation

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- **[वखिंडन](#)** एक ऐसी प्रक्रयिा है जसिमें **कसिी परमाणु का नाभकि दो या दो से अधकि छोटे नाभकिों और कुछ उपोत्पादों में वभिाजति/वखिंडति** हो जाता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- **[संलयन](#)** को कई छोटे नाभकिों के एक बड़े नाभकि में संयोजन और उसके बाद भारी मात्रा में ऊर्जा के उत्सर्जन के रूप में परभिाषति कयिा गया है **अतः कथन 2 सही है।**
- **संलयन** का उपयोग करते हुए, वह प्रक्रयिा जो **सूर्य में ऊर्जा का उत्पादन करती** है, एक असीमति, स्वच्छ ऊर्जा स्रोत प्रदान कर सकती है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

[और पढ़ें...](#)

---

**Question 49:**

कांगो लोकतांत्रकि गणराज्य (DRC) के संबंध में नम्निलखिति कथनों पर वचिार कीजयि:

1. DRC अफ्रीका का दूसरा और वशि्व का 11वाँ सबसे बड़ा देश है।
2. DRC की राजधानी कशिासा है जो कांगो नदी के तट पर स्थति है। यह अफ्रीका में भूमध्य रेखा को दो बार पार करने वाली एकमात्र नदी है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

1. केवल 1

2. केवल 2

3. 1 और 2 दोनों

4. न तो 1 और न ही 2

**Correct Answer :** 3

## Explanation

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य (DRC):**

- DRC **अफ्रीका का दूसरा** और विश्व का 11वाँ **सबसे बड़ा देश** है। **अतः कथन 1 सही है।**
- DRC की राजधानी **कशािसा** है जो **कांगो नदी के तट पर स्थित** है। यह अफ्रीका में **भूमध्य रेखा को दो बार पार करने वाली** एकमात्र नदी है। **अतः कथन 2 सही है।**

और पढ़ें...

---

**Question 50:**

उत्तर-पूर्व परिवर्तनकारी औद्योगीकरण योजना (उन्नति), 2024 के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. योजना की कुल लागत 10,037 करोड़ रुपए है, जिसमें प्रतिबद्ध देनदारियों के लिये अतिरिक्त 8 वर्षों के साथ 10 वर्ष की अवधि शामिल है।
2. जनजातीय कार्य मंत्रालय राज्यों के साथ मिलकर इस योजना को लागू करेगा।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

1. केवल 1
2. केवल 2
3. 1 और 2 दोनों
4. न तो 1 और न ही 2

**Correct Answer :** 1

## Explanation

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने **उत्तर-पूर्व क्षेत्र के राज्यों** में उद्योगों के विकास और रोज़गार सृजन के लिये **उत्तर-पूर्व परिवर्तनकारी औद्योगीकरण योजना (Uttar Purva Transformative Industrialization Scheme- UNNATI), 2024** को मंज़ूरी दी।

- **उद्देश्य:**
  - इसका उद्देश्य उत्तर-पूर्व क्षेत्र के राज्यों में **उद्योगों का विकास और रोज़गार सृजन** करना है।
  - यह सीमेंट और प्लास्टिक जैसे पर्यावरणीय रूप से हानिकारक क्षेत्रों को प्रतिबंधित करते हुए **निवेश को आकर्षित करने**, मौजूदा निवेशों का पोषण करने तथा **नवीकरणीय/अक्षय ऊर्जा एवं इलेक्ट्रिक वाहन** चार्जिंग स्टेशनों जैसे उद्योगों को बढ़ावा देने पर केंद्रित है।
  - योजना की पूरी लागत रुपए **10,037 करोड़** जिसे प्रतिबद्ध देनदारियों के लिये दस वर्षों एवं अतिरिक्त आठ वर्षों में विभाजित किया गया है।**अतः कथन 1 सही है।**

- **उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्द्धन विभाग** राष्ट्रीय और राज्य-स्तरीय समितियों की देखरेख में राज्यों के सहयोग से योजना को लागू करेगा। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

**और पढ़ें:** उन्नति 2024

---

**Question 51:**

भारत में स्वयं सहायता समूहों (SHG) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. भारत में SHG मॉडल वर्ष 1994 में वर्गीस कुरियन से प्रेरित होकर प्रस्तुत किया गया था।
2. SHG-बैंक लिंकेज प्रोग्राम (SHG-BLP) वर्ष 1989 में राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) द्वारा शुरू किया गया था।
3. लखपति दीदी एक सरकारी पहल है जिसका उद्देश्य SHG में महिलाओं को स्थायी आजीविका प्रथाओं के माध्यम से प्रति वर्ष कम-से-कम 3,00,000 रुपए कमाने के लिये सशक्त बनाना है।

उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?

1. केवल एक
2. केवल दो
3. सभी तीन
4. इनमें से कोई भी नहीं

**Correct Answer :** 1

## Explanation

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- **स्वयं सहायता समूह (SHG):**
  - **स्वयं सहायता समूह (SHG) समान सामाजिक-आर्थिक पृष्ठभूमि वाले व्यक्तियों के अनौपचारिक संघ** हैं जिनका लक्ष्य **निर्धनता, अशिक्षा और कौशल की कमी** जैसे सामान्य मुद्दों का सामूहिक रूप से समाधान करना है।
  - लूम्स ऑफ लद्दाख एक 427 महिला SHG सदस्यों वाला एक पश्मीना ब्रांड है जिसका बिक्री वित्त वर्ष 2022-23 में 34 लाख रुपए और वर्ष 2023-24 के प्रारंभिक 10 माह में 42 लाख रुपए रही जो इसके विक्रय में हुई तीव्र वृद्धि को दर्शाता है।
  - ये समूह हाशिये पर जीवन यापन करने वाले समुदायों के भीतर स्व-रोज़गार और निर्धनता उन्मूलन को बढ़ावा देते हुए स्व-शासन तथा सहकर्मी समर्थन को प्रोत्साहन देते हैं।
  - भारत में SHG मॉडल **प्रोफेसर यूनुस के ग्रामीण बैंक मॉडल** से प्रेरित होकर वर्ष 1984 में प्रस्तुत किया गया था। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
    - केरल में कुदुंबश्री, महाराष्ट्र में महिला आर्थिक विकास महामंडल और लूम्स ऑफ लद्दाख सफल SHG के कुछ उदाहरण हैं।
- **SHG-बैंक लिंकेज प्रोग्राम (SHG-BLP)**
  - वर्ष 1989 में **राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड)** द्वारा शुरू किया गया SHG-BLP, वर्ष 1992 तक एक एक्शन रिसर्च से एक पायलट प्रोजेक्ट में बदल गया। **अतः कथन 2 सही है।**
    - **भारतीय रिज़र्व बैंक** और **नाबार्ड** के समर्थन से SHG, बैंकों तथा गैर सरकारी संगठनों के बीच इस सहयोगात्मक प्रयास का

उद्देश्य वंचति गरीब परविारों को वत्तिीय सेवाएँ प्रदान करना है।
        - समय के साथ यह वशि्व की **सबसे बड़ी माइक्रोफाइनेंस परयिोजना** बन गई है जो **लगभग 16.19 करोड़ परविारों**, मुख्य रूप से महलिा समूहों लाभान्वति कर समग्र देश में महलिाओं को सशक्त बनाता है।
        - नाबार्ड के प्रयासों में नीत सिमर्थन, प्रशकि्षण कार्यक्रम और सभी हतिधारकों के लयि क्षमता नरि्माण शामलि हैं जो इस बचत-आधारति माइक्रोफाइनेंस मॉडल की सफलता में योगदान दे रहे हैं।
- **SHG और लखपत दीदी का उदय:**
    - भारत में स्वयं सहायता समूह, जनिकी संख्या **लगभग 8.5 मलियिन है और जनिमें लगभग 92.1 मलियिन सदस्य** हैं, एक परविर्तनकारी क्रांत का नेतृत्व कर रहे हैं।
        - इस गत का एक उल्लेखनीय परणािम **लखपत दीदयिों** का बढ़ता अनुपात है।
            - लखपत दीदी एक सरकारी पहल है जसिका उद्देश्य **SHG में महलिाओं को** स्थायी आजीवकिा प्रथाओं के माध्यम से **प्रतवि‍र्ष कम-से-कम 1,00,000 रुपए कमाने के लयि सशक्त बनाना** है। **अतः कथन 3 सही नहीं है**।
            - यह कार्यक्रम वर्ष 2023 में 2 करोड़ महलिाओं के प्रारंभकि लक्ष्य के साथ शुरू कयिा गया था, लेकनि सत्र 2024-25 में लक्ष्य को बढ़ाकर 3 करोड़ कर दयिा गया है।

[और पढ़ें...]

---

**Question 52:**

मानव वकिास रपिोर्ट नम्निलखिति में से कसिके द्वारा जारी की जाती है?:

1. संयुक्त राष्ट्र वकिास कार्यक्रम
2. वशि्व बैंक
3. अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष
4. वशि्व स्वास्थ्य संगठन

**Correct Answer :** 1

## Explanation

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**मानव वकिास रपिोर्ट:**

- **'ब्रेकगि द ग्रडिलॉक: रीइमेजनिगि कोऑपरेशन इन ए पोलराइज्ड वर्ल्ड'** शीर्षक वाली **मानव वकिास रपिोर्ट** 2023-24 के अनुसार, भारत वैश्वकि **मानव वकिास सूचकांक** में 134वें स्थान पर है जबकि स्विट्जिरलैंड को पहला स्थान प्राप्त हुआ है।
- यह रपिोर्ट **संयुक्त राष्ट्र वकिास कार्यक्रम** द्वारा जारी की गई है।
- **अतः वकिल्प A सही है।**

[और पढ़ें...]

---

**Question 53:**

यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (EFTA) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. EFTA में आइसलैंड, लिकटेंस्टीन, नॉर्वे तथा स्विट्ज़रलैंड शामिल हैं, जो सभी यूरोपीय संघ का भी हिस्सा हैं।
2. स्टॉकहोम कन्वेंशन द्वारा वर्ष 1960 में स्थापित, यह अपने चार सदस्य राज्यों एवं वैश्विक व्यापार भागीदारों के लाभ के लिये मुक्त व्यापार एवं आर्थिक एकीकरण में वृद्धि करना चाहता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

1. केवल 1
2. केवल 2
3. 1 और 2 दोनों
4. न तो 1 और न ही 2

**Correct Answer :** 2

## Explanation

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (EFTA):**

- EFTA **आइसलैंड, लिकटेंस्टीन, नॉर्वे** और **स्विट्ज़रलैंड** का अंतर-सरकारी संगठन है (ये चारों यूरोपीय संघ का हिस्सा नहीं हैं)। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- स्टॉकहोम कन्वेंशन द्वारा वर्ष 1960 में स्थापित, यह अपने चार सदस्य राज्यों एवं वैश्विक व्यापार भागीदारों के लाभ के लिये मुक्त व्यापार तथा आर्थिक एकीकरण में वृद्धि करना चाहता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- भारत तथा यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (EFTA) ने हाल ही में व्यापार और आर्थिक भागीदारी समझौते (TEPA) पर हस्ताक्षर किये।

और पढ़ें...

---

**Question 54:**

भूटान के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. भूटान, एक भूमि से घिरा हुआ देश है, जो भारत तथा चीन के बीच स्थित है।
2. भूटान की सबसे लंबी नदी मानस नदी है।

3. भारत भूटान का सबसे बड़ा व्यापारकि भागीदार है, जसिका भूटान के कुल आयात और नरि्यात में 80% से अधकि योगदान है।

उपर्युक्त में से कतिने कथन सही हैं?

1. केवल एक

2. केवल दो

3. सभी तीन

4. कोई भी नहीं

**Correct Answer :** 3

## Explanation

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**भूटान:**

- भूटान, एक भू-आबद्ध देश है, जो भारत तथा चीन के बीच स्थति है। **अतः कथन 1 सही है।**
- भूटान की सबसे लंबी नदी मानस नदी है। **अतः कथन 2 सही है।**
- भारत भूटान का सबसे बड़ा व्यापारकि भागीदार है, जसिका भूटान के कुल आयात और नरि्यात में 80% से अधकि योगदान है। **अतः कथन 3 सही है।**

और पढ़ें...

---

**Question 55:**

नम्निलखिति कथनों पर वचिार कीजयि:

1. भारत जैवकि ववििधिता पर संयुक्त राष्ट्र अभसिमय का एक हस्सिा है।
2. प्रोजेक्ट टाइगर एक केंद्रीय क्षेत्र की योजना है जसि वर्ष 1973 में शुरू कयिा गया था।
3. हाथयिों, उनके आवासों और गलयिारों की सुरक्षा के लयि वर्ष 1972 में प्रोजेक्ट एलफिेंट शुरू कयिा गया था।

उपर्युक्त कथनों में से कतिने सही हैं?

1. केवल एक

2. केवल दो

3. सभी तीन

4. इनमें से कोई भी नहीं

**Correct Answer :** 1

## Explanation

**उत्तर: A**

**व्याख्या**:

**मानव-पशु संघर्ष की रोकथाम हेतु सरकार के उपाय:**

- **वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972:** यह अधिनियम गतिविधियों, शिकार पर प्रतिबंध, वन्यजीव आवासों की सुरक्षा और प्रबंधन तथा संरक्षित क्षेत्रों की स्थापना आदि के लिये कानूनी ढाँचा प्रदान करता है।
- **जैविक विविधता अधिनियम, 2002:** भारत **जैविक विविधता पर संयुक्त राष्ट्र अभिसमय** का एक हिस्सा है। यह सुनिश्चित करता है कि जैविक विविधता अधिनियम वनों और वन्यजीवों से संबंधित मौजूदा कानूनों का खंडन करने के बजाय पूरक है। **अतः कथन 1 सही है।**
- **प्रोजेक्ट टाइगर:** प्रोजेक्ट टाइगर एक **केंद्र प्रायोजित योजना** है, जो **वर्ष 1973** में शुरू की गई थी। यह देश के राष्ट्रीय उद्यानों में बाघों के लिये आश्रय प्रदान करती है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- **प्रोजेक्ट एलीफैंट:** यह एक केंद्र प्रायोजित योजना है और हाथियों, उनके आवासों तथा गलियारों की सुरक्षा के लिये फरवरी 1992 में शुरू की गई थी। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

और पढ़ें...

---

**Question 56:**

बेरोज़गारी के प्रमुख संकेतकों के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. श्रम बल भागीदारी दर (LFPR) को जनसंख्या में नियोजित व्यक्तियों के प्रतिशत के रूप में परिभाषित किया गया है।
2. श्रमिक जनसंख्या अनुपात (WPR) को जनसंख्या में श्रम बल व्यक्तियों के प्रतिशत के रूप में परिभाषित किया गया है।
3. बेरोज़गारी दर (UR) को कुल जनसंख्या में बेरोज़गार व्यक्तियों के प्रतिशत के रूप में परिभाषित किया गया है।

उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?

1. केवल एक

2. केवल दो

3. सभी तीन

4. इनमें से कोई भी नहीं

**Correct Answer :** 4

## Explanation

**उत्तर: D**

**व्याख्या**:

- **श्रम बल भागीदारी दर (Labour Force Participation Rate- LFPR):** इसे जनसंख्या में श्रम बल (यानी काम करने वाले या काम की तलाश करने वाले या काम के लिये उपलब्ध) व्यक्तियों के प्रतिशत के रूप में परिभाषित किया गया है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- **श्रमिक जनसंख्या अनुपात (Worker Population Ratio- WPR):** WPR को जनसंख्या में नियोजित व्यक्तियों के प्रतिशत के रूप में परिभाषित किया गया है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- **बेरोज़गारी दर (Unemployment Rate- UR):** UR को श्रम बल में शामिल व्यक्तियों के बीच बेरोज़गार व्यक्तियों के प्रतिशत के रूप में परिभाषित किया गया है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**
- **गतिविधि स्थिति- सामान्य गतिविधि स्थिति (CWS):** किसी व्यक्ति की गतिविधि की स्थिति निर्दिष्ट संदर्भ अवधि के दौरान व्यक्ति द्वारा की गई गतिविधियों के आधार पर निर्धारित की जाती है।
  - जब गतिविधि की स्थिति सर्वेक्षण की तारीख से पिछले 365 दिनों की संदर्भ अवधि के आधार पर निर्धारित की जाती है, तो इसे व्यक्ति की सामान्य गतिविधि स्थिति के रूप में जाना जाता है।
- **गतिविधि स्थिति- वर्तमान साप्ताहिक स्थिति (CWS):** सर्वेक्षण की तिथि से पहले पिछले 7 दिनों की संदर्भ अवधि के आधार पर निर्धारित गतिविधि स्थिति को व्यक्ति की वर्तमान साप्ताहिक स्थिति (CWS) के रूप में जाना जाता है।

और पढ़ें...

---

**Question 57:**

निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

**कथन-I:** नीति आयोग (नेशनल इंस्टीट्यूशन फॉर ट्रांसफॉर्मिंग इंडिया) ने अपने आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम के तहत 'वोकल फॉर लोकल' पहल शुरू की है।

**कथन-II:** पहल का उद्देश्य 'आकांक्षा' के माध्यम से स्वदेशी उत्पादों का प्रदर्शन करके सतत् विकास को बढ़ावा देना है। इस पहल के एक भाग के रूप में, 500 आकांक्षी ब्लॉकों के स्वदेशी स्थानीय उत्पादों को आकांक्षा के तहत मैप और समेकित किया गया है।

उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?

1. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं, तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या है।
2. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं, तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।
3. कथन-I सही है, लेकिन कथन-II गलत है।
4. कथन-I गलत है, लेकिन कथन-II सही है।

**Correct Answer :** 1

## Explanation

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- **नीति आयोग (नेशनल इंस्टीट्यूशन फॉर ट्रांसफॉर्मिंग इंडिया)** ने अपने **आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम** के तहत **'वोकल फॉर लोकल'** पहल शुरू की है।
- पहल का उद्देश्य **'आकांक्षा' के माध्यम से स्वदेशी उत्पादों का** प्रदर्शन करके सतत् विकास को बढ़ावा देना है। **GeM पोर्टल पर एक समर्पित विंडो स्थानीय उत्पादों के लिये ई-कॉमर्स** की सुविधा प्रदान करती है।
- **कथन I और II दोनों सही हैं।** कथन **I आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम (ABP)** का हिस्सा होने के कारण वोकल फॉर लोकल पहल के बारे में बात कर रहा है और कथन **II** इस बारे में बात कर रहा है कि कैसे एक भाग के रूप में, **500 आकांक्षी ब्लॉकों** के स्वदेशी स्थानीय उत्पादों को आकांक्षा के तहत मैप तथा समेकित किया गया है। इस प्रकार हम कह सकते हैं कि **कथन II, कथन I** को परिभाषित कर रहा है।

**अतः विकल्प A सही है।**

[और पढ़ें...](#)

---

**Question 58:**

अभ्यास भारत शक्ति के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह भारत और श्रीलंका के बीच एक संयुक्त सैन्य अभ्यास है।
2. इसमें उन्नत MIRV तकनीक के साथ लंबी दूरी की अग्नि मिसाइल का सफल परीक्षण शामिल था।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

1. केवल 1
2. केवल 2
3. 1 और 2 दोनों
4. न तो 1 और न ही 2

**Correct Answer :** 1

## Explanation

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- **अभ्यास भारत शक्ति:**

- भारत की स्वदेशी रक्षा क्षमताओं का प्रदर्शन करते हुए, राजस्थान के पोखरण में "भारत शक्ति" नामक एक**त्रि-सेवा लाइव फायर और युद्धाभ्यास आयोजित** किया जा रहा है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- इसमें उन्नत **MIRV तकनीक के साथ लंबी दूरी की अग्नि मिसाइल का सफल परीक्षण** शामिल था। **अतः कथन 2 सही है।**
- अभ्यास में प्रदर्शित प्रमुख उपकरण और हथियार प्रणालियों में T-90 (IM) टैंक, **धनुष तथा सारंग गन सिस्टम, आकाश हथियार प्रणाली, लॉजिस्टिक्स ड्रोन, रोबोटिक म्युल्स, उन्नत हल्के हेलीकॉप्टर (ALH), नौसेना एंटी-शिप मिसाइल, हल्के लड़ाकू विमान तेजस, लाइट यूटिलिटी हेलीकॉप्टर एवं उन्नत हल्के हेलीकॉप्टर** शामिल हैं।

और पढ़ें...

---

**Question 59:**

पाँचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमानों के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इन जेटों में गुप्त क्षमताएँ हैं और ये बिना आफ्टरबर्नर लगाए सुपरसोनिक गति से उड़ान भर सकते हैं।
2. यह अपने मल्टी स्पेक्ट्रल लो-ओब्ज़र्वेबल डिज़ाइन सेल्फ-प्रोटेक्शन, रडार जैमिंग क्षमताओं और एकीकृत एवियोनिक्स के कारण चौथी पीढ़ी (4जी) के साथियों से अलग है।
3. 5G जेट रूस (सुखोई Su-57), चीन (चेंगदू J-20) और अमेरिका (F-35) के पास हैं।

उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं?

1. केवल एक
2. केवल दो
3. सभी तीन
4. इनमें से कोई भी नहीं

**Correct Answer :** 3

## Explanation

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- **पाँचवीं पीढ़ी (5G) के लड़ाकू विमान** अत्यंत प्रतिस्पर्द्धी युद्ध क्षेत्रों, वास्तविक समय के और प्रत्याशित सबसे उन्नत हवाई तथा थल आधारित खतरों की उपस्थिति में **संचालन करने में सक्षम विमान** हैं।
- 5G लड़ाकू विमान में स्टील्थ क्षमताएँ होती हैं और आफ्टरबर्नर की सहायता के बिना**सुपरसोनिक गति से उड़ान भरने में सक्षम हैं। अतः कथन 1 सही है।**
- 5G लड़ाकू विमान की **मल्टी-स्पेक्ट्रल लो-ओब्ज़र्वेबल डिज़ाइन,** सेल्फ-प्रोटेक्शन, रडार जैमिंग क्षमताएँ और एकीकृत एवियोनिक्स जैसी विशेषताएँ इन्हें चौथी पीढ़ी (4G) के लड़ाकू विमान से अलग बनाती हैं। **अतः कथन 2 सही है।**
- **रूस (सुखोई Su-57), चीन (चेंगदू J-20) और अमेरिका (F-35) के पास 5G जेट** हैं। **अतः कथन 3 सही है।**

दृष्टि The Vision

**और पढ़ें: भारत का 5G लड़ाकू विमान और LCA तेजस**

---

**Question 60:**

सर्पदंश एनवेनोमिंग (Snakebites Envenoming) के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसे विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा उच्च प्राथमिकता वाले उपेक्षित उष्णकटिबंधीय रोग (NTD) के रूप में वर्गीकृत किया गया है।
2. विश्व स्वास्थ्य संगठन ने उन देशों में सर्पदंश की रोकथाम और नियंत्रण के लिये एक कार्य योजना शुरू की है जहाँ यह प्रचलित है।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

1. केवल 1
2. केवल 2
3. 1 और 2 दोनों
4. न तो 1 और न ही 2

**Correct Answer :** 1

## Explanation

**उत्तर : A**

**व्याख्या:**

- **विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) द्वारा सर्पदंश एनवेनोमिंग (SE) को उच्च प्राथमिकता वाले उपेक्षित उष्णकटिबंधीय रोग (NTD) के रूप में वर्गीकृत** किया गया है। **अतः कथन 1 सही है।**
- SE एक संभावित जीवन-घातक बीमारी है जो आमतौर पर एक जहरीले साँप के काटने के बाद**विभिन्न विषाक्त पदार्थों (जहर) के मिश्रण के इंजेक्शन के परिणामस्वरूप** होती है।
- यह साँपों की कुछ प्रजातियों द्वारा **आँखों में जहर छिड़कने** के कारण भी हो सकता है, जिनमें बचाव के उपाय के रूप में **जहर उगलने की क्षमता** होती है।
- कई लाखों लोग ग्रामीण एवं उपनगरीय क्षेत्रों में रहते हैं जो अपने अस्तित्व के लिये कृषि एवं निर्वाह खेती पर निर्भर हैं, जिससे अफ्रीका, मध्य-पूर्व, एशिया, ओशिनिया और लैटिन अमेरिका के ग्रामीण उष्णकटिबंधीय तथा उपोष्णकटिबंधीय क्षेत्रों में सर्पदंश एक गंभीर दैनिक स्वास्थ्य जोखिम बन गया है।
- वे विभिन्न प्रकार के रोगजनकों जैसे वायरस, बैक्टीरिया, प्रोटोज़ोआ और **परजीवी कीड़े** के कारण होते हैं।
- **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय** ने 'वन हेल्थ' दृष्टिकोण के तहत **सर्पदंश की रोकथाम और नियंत्रण के लिये एक राष्ट्रीय कार्य योजना (NAP-SE)** का शुभारंभ किया। **अतः कथन 2 सही है।**
- NAP-SE भारत में सर्पदंश **के प्रबंधन, रोकथाम और नियंत्रण के लिये एक व्यापक रूपरेखा** प्रदान करती है।।

**और पढ़ें: सर्पदंश एनवेनोमिंग**

---

**Question 61:**

महतारी वंदना योजना के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसे हाल ही में प्रधानमंत्री द्वारा छत्तीसगढ़ में लॉन्च किया गया था।
2. 1 जनवरी 2024 तक 21 वर्ष से अधिक आयु की सभी विवाहित महिलाएँ, जिनमें विधवा, तलाकशुदा और अभित्यक्त महिलाएँ शामिल हैं, इस योजना से लाभ पाने के लिये पात्र हैं।
3. योजन के तहत लाभार्थियों को प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (DBT) के माध्यम से प्रतिमाह 5000 रुपए की वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी।

उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?

1. केवल एक

2. केवल दो

3. सभी तीन

4. कोई भी नहीं

**Correct Answer :** 2

## Explanation

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- प्रधानमंत्री ने हाल ही में छत्तीसगढ़ में महतारी वंदन योजना की शुरुआत की।
- इस योजना का उद्देश्य **महिलाओं का आर्थिक सशक्तीकरण** सुनिश्चित करना, उन्हें **वित्तीय सुरक्षा प्रदान करना**, लैंगिक समानता को बढ़ावा देना और परिवारों के भीतर उनकी निर्णायक भूमिका को सुदृढ़ करना है। **अतः कथन 1 सही है।**
- **1 जनवरी 2024 तक 21 वर्ष से अधिक आयु** की सभी विवाहित महिलाएँ, जिनमें विधवा, तलाकशुदा और अभित्यक्त महिलाएँ शामिल हैं, इस योजना से लाभ पाने के लिये पात्र हैं। **अतः कथन 2 सही है।**
    - योजना के तहत छत्तीसगढ़ में पात्र विवाहित महिलाओं को **प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (DBT)** के माध्यम से **प्रतिमाह 1000 रुपए** की वित्तीय सहायता प्रदा की जाएगी। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**
- छत्तीसगढ़ में महतारी वंदना योजना से लगभग **70 लाख महिलाओं को लाभ** होने की उम्मीद है जो उनके सामाजिक-आर्थिक उत्थान में योगदान देगी।
- महिलाओं के सशक्तीकरण से संबंधित अन्य पहलों में **प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, लखपति दीदी, जन धन खाते, मुद्रा ऋण, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ और उज्ज्वला योजना** शामिल हैं।

और पढ़ें...

---

**Question 62:**

CSpace के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह केरल सरकार द्वारा लॉन्च किया गया पहला भारतीय OTT प्लेटफॉर्म है।

2. निर्माताओं और प्रदर्शकों के हितों को नुकसान पहुँचाने से बचने के लिये यह प्लेटफॉर्म केवल सिनेमाघरों में पहले से रिलीज़ हो चुकी फिल्मों को ही स्ट्रीम करेगा।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

1. केवल 1
2. केवल 2
3. 1 और 2 दोनों
4. न तो 1 और न ही 2

**Correct Answer :** 3

## Explanation

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- केरल ने CSpace नामक भारत का पहला सरकारी स्वामित्व वाला OTT प्लेटफॉर्म लॉन्च किया है जिसका उद्देश्य कलात्मक और सांस्कृतिक मूल्य वाली गुणवत्ता वाली फिल्मों को बढ़ावा देना है। **अतः कथन 1 सही है।**
- CSpace ने मलयालम सिनेमा और संस्कृति को बढ़ावा देने में अपनी भूमिका पर बल दिया।
  - निर्माताओं और प्रदर्शकों के हितों को नुकसान पहुँचाने से बचने के लिये यह प्लेटफॉर्म केवल सिनेमाघरों में पहले से रिलीज़ हो चुकी फिल्मों को ही स्ट्रीम करेगा। **अतः कथन 2 सही है।**
- CSpace का प्रबंधन केरल राज्य फिल्म विकास निगम (KSFDC) द्वारा किया जाएगा, जिसमें लाभ-साझाकरण और दर्शक आँकड़ों में पारदर्शिता होगी।
- 60 सदस्यीय क्यूरेटर पैनल, इसकी कलात्मक, सांस्कृतिक और इन्फोटेनमेंट योग्यता के आधार पर सामग्री का चयन करेगा।

और पढ़ें...

---

**Question 63:**

निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. एक न्यूरॉन में एक कोशिका निकाय होता है जिसमें नाभिक, इनपुट प्राप्त करने के लिये डेंड्राइट एवं संदेश भेजने हेतु एक अक्षतंतु होता है।
2. न्यूरॉन्स सिनैप्स के माध्यम से संचार करते हैं, जहाँ डेंड्राइट रासायनिक संकेत प्राप्त करते हैं तथा उन्हें विद्युत आवेगों में परिवर्तित भी करते हैं एवं उन्हें अक्षतंतु के माध्यम से अन्य न्यूरॉन्स तक पहुँचाते हैं।
3. तीव्रता से सिग्नल ट्रांसमिशन के लिये कभी-कभी एक न्यूरॉन को माइलिन आवरण से ढक दिया जाता है।

उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं/हैं?

1. केवल एक

2. केवल दो

3. सभी तीन

4. कोई भी नहीं

**Correct Answer :** 4

## Explanation

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- **मानव मस्तिष्क, जिसमें अरबों न्यूरॉन्स शामिल हैं, जो एक जटिल नेटवर्क का निर्माण है तथा हमारे अस्तित्व एवं अनुभूति के लिये भी महत्त्वपूर्ण होते है। इस जटिल नेटवर्क को समझना, जिसे कनेक्टोम के रूप में जाना जाता है, मस्तिष्क की कार्यप्रणाली एवं तंत्रिका संबंधी विकारों के संबंध में गहन अंतर्दृष्टि प्रदान करता है।**
